Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper
Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




| Mon - 27 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 112 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com |
|---|---|---|---|---|---|

## पंजाब स्कूल शिक्षा में देश का नंबर-1 राज्य बना, सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की सफलता शिक्षा सुधारों का परिणाम



लुधियाना, 27 जुलाई:पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाने, शिक्षा के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और शिक्षकों के निरंतर प्रशिक्षण पर उनकी सरकार के विशेष फोकस ने पंजाब को स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि नीट, जेईई और पंजाब स्टेट टैलेंट सर्च परीक्षा (पीएसटीएसई) जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सफलता शिक्षा सुधारों की प्रभावशीलता का प्रमाण है।

लुधियाना के सरकारी प्राथमिक स्कूल, लोहारा में वर्धमान टेक्सटाइल समूह के सहयोग से लगभग ₹5 करोड़ की लागत से निर्मित 'वर्धमान ब्लॉक' का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा ही गरीबी समाप्त करने, सामाजिक परिवर्तन लाने और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए ब्लॉक में विद्यार्थियों के लिए आधुनिक फर्नीचर सहित 18 कक्षाएं और शिक्षकों के लिए तीन कमरे बनाए गए हैं।

## केंद्रीय जेल होशियारपुर में आम आदमी क्लीनिक शुरू



चंडीगढ़/होशियारपुर, 27 जुलाई:पंजाब के जेल एवं प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने सोमवार को केंद्रीय जेल होशियारपुर में आम आदमी क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। इस क्लीनिक के शुरू होने से जेल में बंद कैदियों को 45 प्रकार के मेडिकल टेस्ट और 100 से अधिक तरह की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि पंजाब में अब आम आदमी क्लीनिकों की संख्या 1,090 हो गई है, जबकि होशियारपुर जिले में यह 77वां क्लीनिक है। उन्होंने कहा कि राज्य की आठ जेलों में ऐसे क्लीनिक स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे बंदियों को जेल परिसर के भीतर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

# पद्म भूषण तरलोचन सिंह को प्रथम डॉ. रतन सिंह जग्गी स्मृति सम्मान, स्पीकर संधवां ने राष्ट्र को समर्पित किया ओपन एयर थिएटर



चंडीगढ़, 27 जुलाई:पंजाबी, हिंदी और गुरमत साहित्य के महान विद्वान पद्मश्री डॉ. रतन सिंह जग्गी की 100वीं जयंती के अवसर पर पंजाब कला परिषद ने डॉ. रतन सिंह जग्गी मेमोरियल फाउंडेशन के सहयोग से पंजाब कला भवन में भव्य स्मृति समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष पद्म भूषण सरदार तरलोचन सिंह को प्रथम डॉ. रतन सिंह जग्गी स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। पंजाब विधानसभा के स्पीकर सरदार कुलतार सिंह संधवां ने उन्हें 51,000 रुपये की नकद राशि, शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह के दौरान स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब कला भवन परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित डॉ. रतन सिंह जग्गी ओपन एयर थिएटर तथा उनकी प्रतिमा का लोकार्पण कर उसे राष्ट्र को समर्पित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में स्पीकर संधवां ने कहा कि डॉ. रतन सिंह जग्गी केवल साहित्यकार नहीं, बल्कि एक युगपुरुष और कर्मयोगी थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा, साहित्य और कला से होती है तथा डॉ. जग्गी की साहित्यिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। उन्होंने सरदार तरलोचन सिंह के सार्वजनिक जीवन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संसद सहित विभिन्न मंचों पर सिख समुदाय, पंजाब और अल्पसंख्यकों की प्रभावशाली आवाज़ उठाई।

सम्मान प्राप्त करने के बाद पद्म भूषण तरलोचन सिंह ने पंजाब कला परिषद और डॉ. रतन सिंह जग्गी मेमोरियल फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के इस दौर में भी डॉ. रतन सिंह जग्गी द्वारा किए गए विशाल साहित्यिक और शोध कार्यों की कल्पना करना कठिन है। उन्होंने डॉ. जग्गी को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकाश-स्तंभ बताते हुए सम्मान स्वरूप प्राप्त 51,000 रुपये की राशि फाउंडेशन को वापस समर्पित कर दी और आग्रह किया कि इस धनराशि से उनकी पुस्तकों का निःशुल्क वितरण युवाओं के बीच किया जाए।

पंजाब कला परिषद के चेयरमैन स्वर्णजीत सवी ने बताया कि डॉ. रतन सिंह जग्गी स्मृति पुरस्कार अब प्रत्येक वर्ष 27 जुलाई को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मेमोरियल फाउंडेशन ने लगभग 20 लाख रुपये की लागत से पंजाब कला भवन के ओपन एयर थिएटर का कायाकल्प कराया है। समारोह में विद्वान डॉ. अमरजीत सिंह ने 'पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति को डॉ. रतन सिंह जग्गी का योगदान' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि डॉ. जग्गी ने छह दशकों से अधिक समय तक मध्यकालीन साहित्य पर गहन शोध किया।

## लुधियाना में ₹1,116 करोड़ के वर्धमान-आईची स्टील प्रोजेक्ट की शुरुआत

लुधियाना, 27 जुलाई:पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को जापान की आईची स्टील के सहयोग से वर्धमान स्पेशल स्टील्स द्वारा स्थापित किए जा रहे ₹1,116 करोड़ के अत्याधुनिक फोर्जिंग एवं मशीनिंग प्लांट का शिलान्यास किया। उन्होंने इसे पंजाब के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह देश का अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है, जिससे शुरुआती चरण में 500 से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि भविष्य में इसके विस्तार से लगभग 2,000 अतिरिक्त नौकरियां सृजित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में प्रारंभिक ₹500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को बढ़ाकर ₹1,116 करोड़ किया जाना इस बात का प्रमाण है कि पंजाब की उद्योग-अनुकूल नीतियों पर वैश्विक कंपनियों का विश्वास



लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह संयंत्र घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ऑटोमोबाइल पुर्जों का निर्माण करेगा तथा जापान की आधुनिक फोर्जिंग तकनीक को पंजाब तक लेकर आएगा।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि दिसंबर 2025 में जापान के नागोया दौरे के दौरान आईची स्टील के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में इस परियोजना की नींव रखी गई थी और कुछ ही महीनों में यह समझौता वास्तविकता में बदल गया। उन्होंने इसे सरकार की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने का उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की नई औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति-2026 निवेशकों को तेज, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि राज्य में 'सिंगल विंडो-सिंगल पेन' प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत सभी आवश्यक मंजूरियां 45 कार्यदिवसों के भीतर प्रदान की जाती हैं। यदि तय समय सीमा में निर्णय नहीं होता तो कई मामलों में ऑटो-डीम्ड अप्रूवल का प्रावधान भी लागू होता है।

उन्होंने बताया कि इन्वेस्ट पंजाब निवेशकों के लिए एकल संपर्क केंद्र के रूप में कार्य करता है, जबकि फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन, शुल्क भुगतान और मंजूरियों की निगरानी की सुविधा उपलब्ध है।

## पंजाब सरकार का बड़ा फैसला: संविदा सफाई सेवकों का वेतन बढ़ाकर ₹20,500, हड़ताल समाप्त



चंडीगढ़, 27 जुलाई:मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के संविदा सफाई सेवकों और सीवरमैनों को बड़ी राहत देते हुए उनके मासिक मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले के बाद पूरे राज्य में चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल भी समाप्त हो गई है।

यह निर्णय वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा पंजाब राज सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष चंदन ग्रेवाल, पंजाब दलित विकास बोर्ड के अध्यक्ष विजय दानव तथा सफाई सेवक यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ दिनभर चली विस्तृत बैठक और सकारात्मक बातचीत के बाद लिया गया।

सोमवार शाम पंजाब भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि सफाई सेवक हमारे शहरों की रीढ़ हैं और उनके सम्मान तथा आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब शहरी स्थानीय निकायों और इम्प्रूवमेंट ट्रस्टों में कार्यरत संविदा सफाई सेवकों एवं सीवरमैनों को नियमित कर्मचारियों के प्रोबेशन काल के दौरान मिलने वाले वेतन के बराबर ₹20,500 प्रतिमाह सकल मानदेय दिया जाएगा। यह संशोधित वेतनमान 1 अगस्त 2026 से लागू होगा।

मंत्री ने बताया कि इससे पहले संविदा कर्मचारियों का वेतन ₹10,500 से बढ़ाकर ₹14,000 किया गया था, लेकिन अब इसे सीधे ₹20,500 तक बढ़ाकर सरकार ने उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस फैसले से राज्यभर के हजारों सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी शहरी स्थानीय निकायों और इम्प्रूवमेंट ट्रस्टों को निर्देश दिए हैं कि 1 अगस्त से इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार समाज के हर वर्ग को सम्मानजनक जीवन और बेहतर कार्य परिस्थितियां उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

TruSoft | GST ACCOUNTING SOFTWARE WITH INVENTORY CONTROLS | ERP | Software that touches every part of your business.
Advertisement
SOFTWARE & WEB
DEVELOPMENT
"Design is not just what it looks like and feels like. Design is how it works."
CUSTOM SOFTWARE DEVELOPMENT
WEB DEVELOPMENT
MOBILE APP DEVELOPMENT
CLOUD SOLUTIONS


ACCURATE ACCOUNTING
INVENTORY CONTROLS
GST COMPLIANCE
SIMPLE & SECURE
RELIABLE SUPPORT
CALL US TODAY!
+91-9041012531
Software for Manufacturers, Traders, Dealers/Distributors
ALSO FOR:
Clinical Labs, Schools, Drycleaners, Transportation
Pharmaceuticals, Library, Non Banking/Finance, Weighing Scales
Institutes, Readymade Garments, Dairies, Cold Storage
Hotels, Restaurants, Apparels, Footwear, Shuttering, Sabzi Mandi
www.trusofterp.com | support@trusofterp.com | Smart Solutions. Stronger Businesses

herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**